प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम

पन्तनगर। 21 जून 2024। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सभी परिसरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी के अच्छे स्वास्थ के लिए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए आह्वान किया है। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेन्सन स्टेडियम में प्रातः 5:30 से 7:30 बजे तक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी द्वारा योग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. दीपा विनय, गायत्री योगपीठ के योग विशेषज्ञ श्री यशवंत, श्री अशोक छाबड़ा एवं उनकी टीम के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर योग कार्यक्रम का शुभांरम्भ किया गया। योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम आदि योग क्रियाओं सहित कार्यक्रम का संचालन प्रारम्भ किया गया।

मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं प्रभारी, शारीरिक शिक्षा द्वारा योग कार्यक्रम के योग विशेषज्ञ श्री यशवंत सिंह, श्री अशोक छाबड़ा तथा उनकी टीम के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। डा. पूनम त्यागी द्वारा उक्त योग कार्यक्रम में उपस्थित सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस योग कार्यक्रम में समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षको, अधिकारियों विद्यार्थियों सहित अत्यधिक संख्या में प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में योग करते अधिकारीगण, विद्यार्थी, कर्मचारीगण एवं परिसरवासी।

निदेशक संचार